STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI KAMALUDDIN AHMED) : (a) Super Bazar has reported that as on 26-11-93, 19 applications are pending consideration for employment on compassionate grounds. Year wise break up of the applications received is as below :—

1. 1990	.. ..	3
2. 1991	..	5
3. 1992	.. ..	5
4. 1993	.. ..	6

(b) to (e) Super Bazar has reported that all the applications received are in the process of active consideration. The Managing Committee of the Co-operative Stores Ltd., Super Bazar in its meeting held on 25-8-93 has considered the question of providing employment on compassionate grounds and has approved the proposal. The guidelines being followed for compassionate appointment are broadly those approved for Central Government employees. Super Bazar has further reported that these appointments are considered for Groups 'C' and 'D' only.

Complaints against Super Bazar employees

248. **SHRI CHIMANBHAI HARIBHAI SHUKLA : Will the Minister of CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state :**

(a) whether complaints have been received by the Management/General Manager against employees of Super Bazar relating to misbehaviour with customers, V.I.P.s and M.P.s ;

(b) if so, the full details thereof ;

(c) whether any investigations have been conducted against customer's complaints by the General Manager ; and

(d) if so, what action has been taken against the persons found guilty ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI KAMALUDDIN AHMED): (a) to (d) Super Bazar has reported that there has been no specific complaint of misbehaviour against staff members of Super Bazar by the customers, VIPs, Members of Parliament etc. in the recent past. However, during the course of day to day business, sometimes suggestions/complaints are made by the customers regarding services rendered by the staff. Such cases are promptly attended to. Customers' suggestions, if found workable, are implemented for rendering better services. Action against employees, wherever they are found at fault is taken immediately. Super Bazar has reported that efforts are being made to ensure that in the sales area, personnel with proper aptitude are deployed so that proper and courteous services are extended to the customers.

संसद सदस्यों द्वारा मंत्रालय से पत्र-व्यवहार

249. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 अप्रैल, 1990 से 31 मार्च, 1993 तक सांसदों द्वारा मंत्रालय को कितने पत्र लिखे गए और उनका वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) उनमें से कितने पत्रों की पावती भेजी गई;

(ग) कितने पत्रों के अंतिम उत्तर भेजे गए; और

(घ) मंत्रालय द्वारा क्रमशः सकारात्मक और नकारात्मक उत्तरों वाले भेजे गए अंतिम पत्रों के पृथक-पृथक आंकड़े क्या हैं ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्यमंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री कमालुद्दीन अहमद) :

(क) कुल : 591

1990-91 : 201

1991-92 : 160

1992-93 : 230

(ख) 422

(ग) 513

(घ) चूंकि संसद सदस्यों से प्राप्त संदर्भ विविध स्वरूप के होते हैं और हमेशा विशिष्ट उत्तर संभव नहीं होता है, अतः उत्तरों को केवल नकारात्मक या सकारात्मक रूप में श्रेणीबद्ध करना कठिन होगा।

राजस्थान राज्य को वस्तुओं की आपूर्ति

250. **श्री शिव चरण सिंह** : क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले वर्ष के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत सप्लाई की गई विभिन्न वस्तुओं का मात्रा-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान को सप्लाई की गई खाद्य और अखाद्य वस्तुओं का मात्रा-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उनकी सप्लाई में वर्ष-वार कटौती करने के क्या कारण हैं; और

(घ) इस संबंध में राज्य-वार भेदभाव करने के क्या कारण हैं ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्यमंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) ब्यौरा एक विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए) जिसमें राज्यों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए वितरण हेतु वर्ष 1993 (जनवरी–दिसम्बर, 93) में किए गए चावल गेहूं, लेवी चीनी, आयातित खाद्य तेलों तथा मिट्टी के तेल का आवंटन दर्शाया गया है।

(ख) 1991, 1992 व 1993 में राजस्थान को चावल, गेहूं, लेवी चीनी, आयातित खाद्य तेल तथा मिट्टी के तेल का किया गया आवंटन नीचे दिया गया है :–

(मात्रा हजार मी० टन में)

	सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वस्तुओं का आवंटन		
	1991	1992	1993
चावल	42.20	46.20	110.70
गेहूं	957.50	1083.00	1058.50
लेवी चीनी	212.27	218.21	218.21
आयातित खाद्य तेल	3.14	2.60	0.70
मिट्टी का तेल	264.93	265.13	276.89

(ग) और (घ) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए वितरण के लिए वस्तुओं का आवंटन समग्र, अधिप्राप्ति सरकार के पास मौजूद स्टाक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की पारस्परिक आवश्यकता तथा मौसम-जन्य कारणों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वस्तुओं का आवंटन अनपूरक स्वरूप का होता है और यह किसी भी राज्य की समूची आवश्यकता को पूरा करने के लिये नहीं होता है। प्रत्येक महीने आवंटन से पूर्व राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अनुरोधों पर विचार किया जाता है।